राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड,
जयपुर द्वारा आयोजित

AKSHANSH PUBLICATION

# CET
## 10+2 एवं स्नातक स्तर
# ENGLISH

23 जून 2026 को जारी नवीनतम पाठ्यक्रम पर आधारित
अभिकथन-कारण, युग्म, सुमेलित, सत्य- असत्य प्रश्नों के पैटर्न पर

सारगर्भित प्रश्नोत्तरों का संकलन

**VOLUME 5**

## THEORY+ MCQ+PYQ
### एक ही पुस्तक में

2023 एवं 2024 में आयोजित
(CET 10+2 एवं स्नातक स्तर - सभी SHIFT) ENGLISH
के PYQ प्रश्नों का समावेश



Manish Mangal Sir


अक्षांश पब्लिकेशन
M. 9079798005, 6376491126
Plot No 1104, Shiksha Mandir, Sec 4, Circle, Main Road, Udaipur


व्याख्यात्मक हल
लक्ष्य क्लासेज़, उदयपुर
के यूट्यूब चैनल पर उपलब्ध

AKSHANSH PUBLICATION

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर द्वारा आयोजित

# CET

## 10+2 एवं स्नातक स्तर

# ENGLISH

## THEORY+ MCQ+PYQ

**VOLUME 5**

"अक्षांश प्रकाशन की समस्त पुस्तकें लक्ष्य क्लासेज़, उदयपुर के अनुभवी शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं अक्षांश प्रकाशन की समर्पित टीम के सहयोग से तैयार की गई हैं।"


संपादक

**मनीष मंगल सर**

सह संपादक

**गंगासिंह, अनोपचंद मंडा**

**धर्मेश सांखला**



प्रकाशन

**अक्षांश प्रकाशन, उदयपुर (राज.)**


**नोट :-** अब लक्ष्य क्लासेज़ की सभी आगामी पुस्तकें केवल 'अक्षांश प्रकाशन' के माध्यम से ही प्रकाशित की जाएंगी। ये सभी पुस्तकें बाजार में 'अक्षांश' नाम से ही उपलब्ध होंगी। विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि आगामी समय में 'लक्ष्य' नाम से कोई भी पुस्तक प्रकाशित नहीं की जाएगी। इसलिए कृपया पुस्तक खरीदते समय केवल 'अक्षांश प्रकाशन' के नाम से प्रकाशित और अधिकृत पुस्तकें ही बुक स्टोर्स से प्राप्त करें, ताकि आपको प्रमाणिक, अद्यतन एवं परीक्षा-उपयुक्त सामग्री प्राप्त हो।भविष्य में 'लक्ष्य' नाम से प्रकाशित किसी भी पुस्तक की सामग्री या गुणवत्ता की जिम्मेदारी 'अक्षांश प्रकाशन' या 'लक्ष्य क्लासेज़, उदयपुर' की नहीं होगी।

प्रकाशन

**अक्षांश प्रकाशन**

Plot No 1104, Shiksha Mandir, Sec 4, Circle,
Main Road, Udaipur

**लक्ष्य क्लासेज़, उदयपुर से जुड़ने के लिए QR CODE स्कैन करे**

TELEGRAM INSTAGRAM YOUTUBE FACEBOOK WHATSAPP

बुक कोड - AP0125

©सर्वाधिकार - अक्षांश प्रकाशन
lakshyaclassesudr@gmail.com

मुख्य वितरक - लक्ष्य क्लासेज़, उदयपुर
**M. 9079798005, 6376491126**

इस पुस्तक में दी गई सभी जानकारियाँ, तथ्य और सूचनाएँ सावधानीपूर्वक सत्यापित की गई हैं। फिर भी यदि किसी जानकारी या तथ्य में कोई त्रुटि रह गई हो, तो उसके लिए प्रकाशक, संपादक या मुद्रक जिम्मेदार नहीं होंगे।

हमारा विश्वास है कि इस पुस्तक की सामग्री लेखकों द्वारा मौलिक रूप से तैयार की गई है। यदि किसी प्रकार का कॉपीराइट उल्लंघन सामने आता है, तो उसकी जिम्मेदारी प्रकाशक की नहीं होगी।

सभी विवादों के निपटारे के लिए न्यायिक क्षेत्र उदयपुर रहेगा।

अक्षांश प्रकाशन ने इस पुस्तक के तथ्यों तथा विवरणों को उचित स्त्रोतों से प्राप्त किया है। इस पुस्तक में प्रकाशित सभी प्रकार की सामग्री पूर्णतः तथ्यात्मक विश्लेषण पर आधारित है। इस पुस्तक के किसी भी भाग और सामग्री को अक्षांश प्रकाशन की अनुमति और जानकारी के बिना अन्यत्र प्रकाशित या प्रिन्ट करना अनुचित है, यदि ऐसा पाया जाता है तो व्यक्ति या संस्थान स्वयं जिम्मेदार है।

# SUBJCET-MATTER


| S. No. | Topic | Graduation Level | Sr. Sec. Level | Page No. |
|---|---|---|---|---|
| 1. | TENSES/SEQUENCE OF TENSES | ✓ | ✓ | 1–9 |
| 2. | VOICE: ACTIVE AND PASSIVE | ✓ | ✓ | 10–16 |
| 3. | NARRATION : DIRECT AND INDIRECT | ✓ | ✓ | 17–21 |
| 4. | USE OF ARTICLES AND DETERMINERS | ✓ | ✓ | 22–32 |
| 5. | USE OF PREPOSITIONS | ✓ | ✓ | 33–35 |
| 6. | TRANSLATIONS OF SENTENCES | ✓ | ✓ | 36–38 |
| 7. | GLOSSARY OF OFFICIAL, TECHNICAL TERMS | ✓ | ✓ | 39–56 |
| 8. | SYNONYMS | ✓ | ✓ | 57–66 |
| 9. | ANTONYMS | ✓ | ✓ | 67–79 |
| 10. | ONE WORD SUBSTITUTION | ✓ | ✓ | 80–89 |
| 11. | IDIOMS AND PHRASES | ✓ | ✗ | 90–104 |
| 12. | COMPREHENSION OF A GIVEN PASSAGE | ✓ | ✓ | 105–114 |
| 13. | KNOWLEDGE OF WRITING LETTERS | ✓ | ✓ | 115–120 |
| 14. | CET 10+2 AND GRADUATION LEVEL PREVIOUS YEARS QUESTIONS | ✓ | ✓ | 121–141 |


❒ ❒ ❒ ❒

# TENSES/SEQUENCE OF TENSES 01




- verb के रूप से कार्य के जिस समय का बोध होता है, उसे Tense (काल) कहते हैं। Verbs के तीन मुख्य रूप (forms) होते हैं – Present, Past तथा Past Participle. इनके अतिरिक्त Present Participle अर्थात् –ing form तथा Infinitives भी Verb के forms ही कहलाते हैं।
- **Verbs दो प्रकार (forms) के होते हैं–**
  (1) Strong Verbs (2) Weak Verbs
- **अंग्रेजी में तीन प्रकार के Tense होते हैं:**
  1. Present Tense (वर्तमान काल)
  2. Past Tense (भूतकाल)
  3. Future (भविष्यकाल)
- **एक ही Tense (काल) में Verb की भिन्न-भिन्न अवस्थाओं को व्यक्त करने के लिए प्रत्येक Tense के चार भेद होते हैं:**
  1. Simple /Indefinite [V1,V1s/es,V2]
  2. Continuous (Progressive) [V1–ing]
  3. Perfect [V3]
  4. Perfect Continuous [been+V1–ing]

| | Present | Past | Future |
|---|---|---|---|
| **Simple** | $V_1$ (s/es)<br>H.V.: do/does<br>(केवल Negative/Interrogative में<br>e.g. He plays football. | V. = $V_2$<br>H.V: did<br>(केवल Negative / Interrogative में)<br>eg. He played football. | H.V. = will/shall<br>M.V = $V_1$<br>eg. He shall play football. |
| **Continuous** | H.V. is/am/are<br>M.V. = ing form<br>e.g. He is playing football. | H.V was/were<br>M.V. = ing form<br>eg. He was playing football. | H.V. Shall/will + be<br>M.V. = ing form<br>eg. He shall be playing football. |
| **Perfect** | H.V. has/have<br>M.V = $V_3$<br>eg. He has played football. | H.V = had<br>M.V = $V_3$<br>eg. He had played football. | H.V = shall/will + have<br>M.V = $V_3$<br>eg. He shall have played football. |
| **Perfect Continuous** | H.V = has/have + been<br>M.V = ing form<br>Since/for + time<br>eg. He has been playing football. | H.V = had + been<br>M.V = ing form<br>Since/for + time<br>eg. He had been playing football. | H.V = shall/will + have + been<br>M.V = ing form<br>from/for + time<br>eg. He shall have been playing football. |

# Present Tense

## 1. The Present Indefinite (Simple Present) Tense

◈ इस Tense का प्रयोग वर्तमान समय में होने वाले कार्य, आदत, सामान्य अथवा शाश्वत सत्य जैसी बातों का उल्लेख करने के लिए होता है एवं वाक्य के अन्त में ता है, ती है, ते हैं आदि शब्द आते हैं।

**जैसे–**

1. He plays. वह खेलता है।
2. They play. वे खेलते हैं।
3. I play. मैं खेलता हूँ।
4. The sun rises in the east. सूर्य पूर्व में उगता है।

**(A) Affirmative Sentences (सकारात्मक वाक्य):**

◈ **Pattern –** Subject +$V_1$/$V_1$ + s/es .........

1. मैं अपना पाठ याद करता हूँ।
   I learn my lesson.
2. सीता एक मधुर गाना गाती है।
   Sita sings a sweet song.

**Rule 1.**

◈ Singular Number, Third Person subject(He, She, It या कोई एकवचन नाम) के साथ verb में 's' या 'es'लगा देते हैं।

**Rule 2.**

◈ Plural Number में Subject (I, We, you, They या कोई बहुवचन नाम) होने पर Verb भी Plural होगा अर्थात् verb में 'S' या 'es'नहीं लगता है।

**नोट – Third Person के Singular Subject के साथ प्रयुक्त होने वाले** Verbs के साथ निम्नलिखित अंवस्थाओं में –es जोड़ा जाता है।

**(a)** जिन Verbs के अन्त में 'sh', 'ch', 'o', 'ss', 'x अथवा 'zz' होता है, उनके साथ '–es'लगाते हैं।

**जैसे:–**

| | |
|---|---|
| ◈ push | pushes |
| cross | crosses |
| watch | watches |

**(b)** यदि Verbs के अन्त में y हो व y के पूर्व consonant (व्यंजन) हो तो y हटाकर –ies लगाते हैं।

**जैसे:–**

| | |
|---|---|
| ◈ worry | worries |
| try | tries |

**(B) Negative Sentences (नकारात्मक वाक्य):**

◈ **Pattern –** Subject + do/does + not +$V_1$........

1. सीता एक मधुर गाना नहीं गाती है।
   Sita does not sing a sweet song.
2. वे हॉकी नहीं खेलते हैं।
   They do not play hockey.

**Rule 1.**

◈ Negative Sentences में एकवचन, third person कर्ता के साथ verb की first form के पहले does not का प्रयोग करते हैं तथा Verb की I form में s/ es नहीं लगाते हैं।

**Rule 2.**

◈ बहुवचन noun कर्ता तथा I, you, we और they के साथ do not का प्रयोग करते हैं।

**(C) Interrogative Sentences (प्रश्नवाचक वाक्य):**

◈ **Pattern –** Do/Does + subject +$V_1$ .......?

1. क्या वह एक पुस्तक पढ़ता है?
   Does he read a book?
2. क्या मैं तुम्हें एक कलम देता हूँ?
   Do I give you a pen?
3. वह यहाँ क्यों आती है?
   Why does she come here?

**Rule 1.**

◈ Interrogative sentences में he, she, it और एकवचनं के noun कर्ता के साथ Does वाक्य में Subject (कर्ता) से पहले ले आते हैं। Verb की पहली form लगाते हैं, 's' या 'es' नहीं लगाते हैं।

**Rule 2.**

◈ I, we, you, they और बहुवचन noun कर्ता के साथ सबसे पहले Do, फिर कर्ता और फिर verb की पहली form लगाते हैं। पहचान – जब किसी वाक्य में निम्नलिखित Adverbs का प्रयोग हो, तो उसे Present Indefinite या Simple Present Tense समझना चाहिए–

◈ always, often, sometimes, usually, generally, frequently, seldom, rarely, never, regularly, daily, occasionally.

◈ every day/ night/month/year etc.

◈ each day/night/ month/year etc.

◈ on Sundays/Mondays.......

◈ in the mornings/evenings etc.

◈ once/ twice ....... a/an+ day/week/month etc.

**(Present Indefinite Tense) with verb 'write'**

| Affirmative | Negative | Interrogative | Interrogative Negative |
|---|---|---|---|
| I write. | I do not write. | He/She/Ram does not write. | Does he / she / Ram not write? |
| We write. | We do not write. | Do we write? | Do we not write? |
| You write. | You do not write. | Do you write? | Do you not write? |
| They write. | They do not write. | Do they write? | Do they not write? |

## 2. The Present Continuous

◈ पहचान – हिन्दी में इस Tense के Sentences में रहा हूँ', 'रही है', 'रहे हैं', 'हुआ है', 'हुई है', 'हुए हैं' आदि शब्द आते हैं। वाक्यों से ज्ञात होता है कि कार्य चल रहा है और पूरा नहीं हुआ है।

◈ यह Tense – is /am/are + 'ing form of the Verb से बनता है। जैसे
I am playing.
You are playing.

**(A) Affirmative (Positive) Sentences**

◈ **Pattern –** Subject + is/am/are + $V_1$, (ing).....

1. मोहन एक पत्र लिख रहा है।
   Mohan is writing a letter.
2. लड़कियाँ स्कूल जा रही हैं।
   The girls are going to school.

**Note:-**
He, She, Itऔर एकवचन subject के साथ 'is', You, We, They और बहुवचन subject के साथ 'are' एवं I के साथ 'am' लगाकर verb में ingलगाते हैं।

**(B) Negative Sentences**

◈ **Pattern –** Subject + is/am/are + not + $V_1$ (ing).....

1. वह अपनी गुड़िया से नहीं खेल रही है।
   She is not playing with her doll.
2. वे बाजार नहीं जा रहे हैं।
   They are not going to the market.

**Rule.**

◈ not को is, are, am के ठीक बाद में रखते हैं।

**(C) Interrogative Sentences:**

◈ **Pattern –** Is/Am/Are + Subject + $V_1$ (ing)......?

1. क्या लड़कियाँ कमरे में पढ़ रही हैं?
   Are the girls reading in the room?
2. तुम वहाँ क्यों जा रहे हो? Why are you going there?
   पहचान – जब वाक्य में still, in the present time, at this time, at this moment, now–a–days, these days, this evening, now, today, at present आदि शब्द हों तो वह वाक्य सामान्यतः Present Continuous Tense में होता है।

## 3. Present Perfect Tense

◈ इस Tense के वाक्यों में काम का वर्तमान काल में पूरा हो जाना पाया जाता है और वाक्यों के अन्त में 'चुका है', 'चुकी है', या 'आ है, ई है, ये हैं' आदि शब्द आते हैं।

**(A) Affirmative sentences**

◈ **Pattern**–Subject + has/have + $V_3$.......

1. राम स्कूल जा चुका है / गया है।
   Ram has gone to school.
2. मैंने उसको एक पत्र भेजा है।
   I have sent a letter to him.

**Note:–**
◈ He, She, Itऔर एकवचन कर्ता के साथ has और I, You, we, They तथा plural subject के साथ have लगाकर verb की third form लगाते हैं।

**(B) Negative Sentences**

◈ **Pattern –** Subject + has/have + not+$V_3$+ Obj.

1. मैंने तुम्हारा पत्र नहीं पढ़ा है।
   I have not read your letter.
2. हमने ऐसा जानवर नहीं देखा है।
   We have not seen such an animal.

**Note:-**
Negative sentences में has या have के बाद not लगाते हैं।

**(C) Interrogative Sentences**

◈ **Pattern –** Has/Have + Subject +$V_3$ .......?

1. क्या उसने अपनी गाय बेच दी है?
   Has he sold his cow?
2. क्या तुमने अपनी पाठ याद कर लिया है?
   Have you learnt your lesson?

**पहचान –**

◈ जब किसी Sentence में this week/ month/year etc., just,just now, till now, already, recently, lately, not yet, so far, by now, always, never आदि का प्रयोग किया गया हो, तो वह sentence Present Perfect Tense में होता है।

## 4. The Present Perfect Continuous Tense

◈ ऐसे वाक्य जिनके अन्त में रहा है, रही है, रहे हैं या हुआ है, हुई है आदि शब्द आयें तथा किसी निश्चित या अनिश्चित समय से कार्य प्रारम्भ हुआ है। जैसे–

(i) मैं दो घंटे से पढ़ रहा हूँ।
I have been reading for two hours.

(ii) वह 3 बजे से कार्य कर रहा है।
He has been working since 3 o'clock.

◈ यह Tense, have been + Verb के 'ing' form से बनता है

**(1) He, She, It, Singular Subject (एकवचन कर्ता) के साथ has been तथा I, We, You, They, Plural Subject (बहुवचन कर्ता) के साथ have been का प्रयोग होता है**

◈ Pattern – Subject + has/have + been + $V_1$ (ing) ........ since/for + time

**(2) Negative Sentences में not का प्रयोग has/ have और been के मध्य होता है।** जैसे–

◈ He has not been living in this house for four years.

**(3) Interrogative Sentences में has तथा have का प्रयोग Subject के पहले होता है तथा वाक्य के अन्त में प्रश्नवाचक चिन्ह (?) का प्रयोग किया जाता है।**

◈ जैसे– Hope you been learning your lesson for two hours?

**Note:–**
इस Tense का प्रयोग ऐसे कार्य के लिए होता है, जो भूतकाल में किसी समय पर आरम्भ हुआ हो और अब भी जारी हो। इस Tense में since/for/all के साथ समय अवश्य ही दिया होता है। यदि समय नहीं दिया होता है, तो sentence, Present Continuous Tense में माना जाता है।

**जैसे:–**

(i) It is raining.
वर्षा हो रही है।
(Present Continuous Tense)

(ii) It has been raining for two hours.
दो घंटे से वर्षा हो रही है।
(Present Perfect Continuous Tense)

## Conditional Sentences

◈ यह भी हमें ध्यान रखना होगा कि एक Verb के use पर Sentence के Tense के साथ-साथ Voice का भी पूरा प्रभाव पड़ता है। अर्थात् किसी Sentence में Verb का use करने से पहले Voice का पता होना अत्यधिक आवश्यक है क्योंकि Verb का Form उसी के अनुसार use किया जाता है।

◈ यदि Sentence का Subject, Verb को कर सके तो Verb, Active Form में use होती है एवं यदि Verb, Sentence के Subject पर ही हो रही हो या Transitive Verb का Object, Subject के स्थान पर आये तो Verb, Passive Form में use होती है। जैसे-

1. These students are studying Mathematics. (Active Form Verb)
2. Mathematics is being taught in this class now. (Passive Form Verb) पहले Sentence में Active Form Verb का use हुआ है क्योंकि Study करनें का कार्य Students कर रहें हैं, लेकिन दूसरें Sentence में Passive Form Verb का use हुआ है क्योंकि teach करने का कार्य Mathematics पर हो रहा है। प्रत्येक Tense में Verb के Active एवं Passive Form को निम्न सारणी से समझा जा सकता है।

| Tense | Active Verb Form | Passive Verb Form |
|---|---|---|
| P.I. | Do/dods+(not)+$V_{1st}$ | Is/am/are+(not)+$V_{3rd}$ |
| P.I. | $V_{1st}$/$V_{1st}$ + -s/-es | Is/am/are+$V_{3rd}$ |
| P.C. | is/am/are+$v_{1st+ing}$ | Is/am/are+being+$V_{3rd}$ |
| P.P. | Has/have+V $3^{rd}$ | Has/have+been+$V_{3rd}$ |
| P.P.C. | Has/have+been+$V_{1st+ing}$ | NO Passive Voice |
| Past I. | Did+(not)+$V_{1st}$ | Was/were+()not+$V_{3rd}$ |
| P.I. | $V_{2nd}$ | Was/were+$V_{3rd}$ |
| P.C. | Was/were +$V_{1st+ing}$ | Was/were+being+$V_{3rd}$ |
| P.P. | Had+$V_{3rd}$ | Had+been+$V_{3rd}$ |
| P.P.C. | Had+been+$V_{1st+ing}$ | No Passive Voice |
| F.I. | Shall/will+$V_{1st}$ | Shall/will+be+$V_{3rd}$ |
| F.C. | Shall/will +be+$V_{1st+ing}$ | No Passive Voice |
| F.P. | Shall/will+have+$V_{3rd}$ | Shall /will +have+been + $V_{3rd}$ |
| F.P.C. | Shall/will+have+been+$V_{1st+ing}$ | No Passive Voice |

प्रत्येक Sentence में Tense की पहचान निम्न Senses एवं Adverbials से होती है।
Present कार्य को दर्शायें तो Present Indefinite Tense क ही use करते है।

1. I always go to church on Sundays.
(Active Voice)
2. I never eat anything after 10 PM.
(Active Voice)
3. I often go to the cinema.
(Active Voice)
4. She sometimes visits me at home.
(Active Voice)
5. We usually drink coffee.
(Active Voice)
6. She drinks wine every now and again.
(Active Voice)
7. She takes these tablets three times a day.
(Active Voice)
8. I take a dance class on Wednesdays.
(Active Voice)
9. Shoes are put on sale here every weekend.
(Passive Voice)
10. These goods are transported from this factory only on Tuesdays.
(Passive Voice)

# Past Tense

## 1. Past Indefinite Tense (Simple Past)

◈ इस Tense के वाक्यों में काम का करना या होना भूतकाल में पाया जाता है।

◈ ऐसे वाक्यों के अन्त में 'आ', 'या', 'ई', 'ये', 'या', 'ता था', 'ते थे', 'ती थी' आदि आते हैं।

**(A) Affirmative Sentences**

◈ **Pattern –** Subject + $V_2$ .......

1. उसने कल मुझे एक कलम दिया।
He gave me a pen yesterday.
2. मैं इस घर में रहता था।
I lived in this house.

**Note:-**

◈ एकवचन तथा बहुवचन दोनों में ही Subject के साथ verb की second form आती है। Subject के भिन्न–भिन्न Number या Person के साथ verb में कोई परिवर्तन नहीं होता है।

**(B) Negative Sentences**

◈ **Pattern –** Subject + did +not + $V_1$ .......

1. वह कल हॉकी नहीं खेला।
   He did not play hockey yesterday.
2. लड़कों ने अपना पाठ याद नहीं किया।
   The boys did not learn their lesson.

**Note:-**

◈ Negative sentences में प्रत्येक कर्ता के बाद में did not लगाकर verb की first form लगाते हैं।

**(C) Interrogative Sentences**

◈ **Pattern** – Did + Subject + $V_1$ .......?

1. क्या तुम स्कूल गये थे?
   Did you go to school?
2. तुम्हारा भाई कल कहाँ गया?
   Where did your brother go yesterday?

**Note:-**

◈ प्रश्नवाचक वाक्यों में Did कर्ता से पहले लगाते हैं और verb की first form लगाते हैं।

**पहचान :-**

◈ इस प्रकार के वाक्यों में निम्नलिखित Adverbials का प्रयोग किया जाता है–
last night, last year, last month, last week, long ago, some time back, yesterday, once, in 2015 इत्यादि।

◈ यदि if, unless, till, until, provided, as long as से जुड़ा हुआ Subordinate Clause "Past Indefinite Tense" में हो तो Principal Clause में "Past Modals(Could, would, might)" का use होता है।

1. If the thief was arrested, another burglary would not take place.
2. Unless India lost the semi-final match, it would win the world cup.
3. Provided you helped me, I would allow you to enter my office.
4. As long as you did not talk to your parents, they would be troubled.
5. No body could march until I command them to attack.

## 2. Past Continuous Tense

◈ ऐसे वाक्यों में काम का जारी रहना भूतकाल में पाया जाता है। वाक्य के अन्त में रहा था', 'रही थी', 'रहे थे' या 'हुआ था', 'हुई थी', 'हुए थे' पाया जाता है।

**(A) Affirmative Sentences**

◈ **Pattern –** Subject + was/were + $V_1$ (ing) .......

1. मैं अपनी किताब पढ़ रहा था।
   I was reading my book.
2. हम अपना पाठ याद कर रहे थे।
   We were learning our lesson.

◈ He, She, It, I और एकवचन noun subject के साथ was तथा You, we, they और बहुवचन noun subject के साथ were का प्रयोग कर verb में 'ing' लगाते हैं।

**(B) Negative Sentences**

◈ **Pattern** – Subject + was/were + not + $V_1$ (ing) .......

1. वे घर नहीं जा रहे थे।
   They were not going home.
2. राम दीवार से नहीं कूद रहा था।
   Ram was not jumping over the wall.

**Rule –**

◈ Negative sentences मैं was/were के पश्चात् not लगा देते हैं।

**(C) Interrogative Sentences**

◈ **Pattern** – Was/Were + Subject + $V_1$ (ing) .......?

1. क्या हम बाजार जा रहे थे?
   Were we going to the market?
2. किसान अपना खेत क्यों नहीं जोत रहा था?
   Why was the farmer not ploughing his field?

◈ Interrogative sentences में Was या Were कर्ता से पहले लगाते हैं और verb में 'ing' लगा देते हैं।

◈ यदि वाक्य के बीच में प्रश्नसूचक शब्द 'क्यों', 'क्या', 'कब', 'कहाँ', 'कैसे' आदि में से कोई दिया हो तो सबसे पहले उसकी अंग्रेजी लगाकर फिर was या were को लगाते हैं।

**पहचान : -**

◈ इस प्रकार के वाक्यों की कोई विशिष्ट पहचान नहीं होती, परन्तु इन वाक्यों में at that time, at that moment, those days, then जैसे Adverbials आते हैं। इसी प्रकार while से जुड़े दो वाक्यों में से यदि एक वाक्य Past Continuous में हो तो दूसरा भी इसी Tense में मानना चाहिए।

## 3. Past Perfect Tense

1. इस Tense के वाक्यों में भूतकाल में किसी कार्य का निश्चित अवधि से पहले समाप्त हो जाना पाया जाता है। अथवा दो कार्य भूतकाल में समाप्त होते हैं, एक पहले तथा दूसरा बाद में।
2. इन वाक्यों के अन्त में साधरणतया 'चुका था', 'चुकी थी', 'चुके थे', 'या था', 'ये थे' आदि शब्द आते है।

**(A) Affirmative (Positive) sentences**

◈ **Pattern –** Subject + had + $V_3$ .......

1. वर्षा होने से पहले हम घर पहुँच चुके थे।
   We had reached home before it rained.
2. मेरे स्टेशन पहुँचने से पहले गाड़ी छूट चुकी थी।
   The train had started before I reached the station.

**Rule 1**

◈ एकवचन तथा बहुवचन कर्ता दोनों के साथ 'had' लगाकर verb की third form लगाते हैं।

**Rule 2**

◈ जिन वाक्यों में दो कार्य भूतकाल में पाये जायें उनमें से जो काम पहले समाप्त हो चुका हो उसको Past Perfect Tense में अर्थात् कर्ता, फिर had, इसके बाद क्रिया की third form लगाते हैं और जो कार्य बाद में हुआ हो उसको Past Indefinite में बनाते हैं अर्थात् सबसे पहले कर्ता और फिर verb की second form लगाते हैं।

**(B) Negative sentences**

◈ **Pattern–**Subject + had + not + $V_3$ .......

1. मैंने यह घर पहले नहीं देखा था।
I had not seen this house before.
2. डॉक्टर के आने से पहले मरीज मरा नहीं था।
The patient had not died before the doctor came

**Rule**

◈ Negative sentences में had के आगे not का प्रयोग करते हैं।

**(C) Interrogative Sentences**

◈ **Pattern** – Had + Subject + $V_3$ .......?

1. क्या मेरे स्कूल पहुँचने से पहुले घण्टा बज चुका था?
Had the bell rung before reached school?
2. डॉक्टर साहब के जाने के बाद रोगी ने क्या खाया था?
What did the patient eat after the doctor had gone?

◈ प्रश्नवाचक वाक्यों में यदि 'क्या' सबसे पहले आये तो Had को subject से पहले ले आते हैं। ऐसे वाक्यों में what का प्रयोग नहीं करते हैं। अगर वाक्य के बीच में प्रश्नवाचक शब्द हो तो अनुवाद करते समय उसकी अंग्रेजी सबसे पहले आती है, फिर had आता है, फिर कर्ता और फिर verb की third form आती है।

**Note:-**
(a) After के पश्चात् सामान्यतया Past Perfect का प्रयोग होता है। अर्थात्

1. After + Past Perfect + Past Indefinite
2. Past Indefinite + after + Past Perfect

(b) सामान्यतया before के पश्चात् वाला Clause Past Indefinite में होता है। अर्थात्

1. Past Perfect + before + Past Indefinite
2. Before + Past Indefinite + Past Perfect

**Rule**

◈ यदि if, unless, till, until, provided, as long as से जुड़ा हुआ Subordinate Clause "Past Perfect Tense" में हो तो Principal Clause में "Past Modals/Should/ Ought to/ Must/ Might/Would" के साथ have + V का use होता है। 3rd

1. If the police had come on time, the thieves would have been arrested.
2. Unless anyone had replied me, I would have set out from here.
3. Provided my mother hadn't fried snack, I would have gone to a stall outside.

**Note:-**
Unless एवं Until के साथ आने वाले Subordinate Clause में कोई अन्य Negative Word या Phrase नहीं आता क्योंकि ये दोनों Connectors ही Negative Sense देते हैं।

## 4. The Past Perfect Continuous Tense

◈ इस Tense के वाक्यों से प्रकट होता है कि कार्य भूतकाल में किसी समय प्रारम्भ होकर उसके बाद तक चलता रहा। भूतकाल में कार्य जारी रहने का समय दिया होता है।

**अंग्रेजी में अनुवाद करने के नियम**

1. **सभी प्रकार के Subjects के साथ had been लगाकर क्रिया के First Form के अन्त में ingलगाते हैं।**

◈ **Pattern** – Subject + had been +$V_1$ (ing) + object + for/since + time. जैसे:

◈ He had been studying for two hours last night.

◈ I had been walking in the park since yesterday morning.

2. **Negative Sentences में had के ठीक बाद not लगाते हैं।**
**जैसे – It had not been raining yesterday since morning.**
3. **प्रश्नवाचक वाक्यों में had को कर्ता से पहले रखते हैं।**
**जैसे – Had your brother been buying toys for two hours yesterday?**

◈ इसका प्रयोग ऐसे कार्य के लिए होता है जो भूतकाल में किसी समय से प्रारम्भ होकर भूतकाल में ही किसी समय तक जारी रहा हो। इस tense के वाक्य में since/for/all के साथ समय के साथ ही साथ एकऔर भूतकाल का समय या clause अवश्य ही दिया हुआ होता है। जैसे –

◈ When he came, I had been watching TV for two hours.

◈ When he came, I was very tired. I had been working all day.

# Future Tense

## 1. Future Simple Tense

◈ वैसे तो आधुनिक व्याकरण में कोई Future Tense नहीं होता है लेकिन सुविधा के लिए will/shall + bare infinitive (verb की I form) को Future Simple के रूप में व्यक्त किया जाता है।

◈ इस प्रकार के वाक्यों में काम का होना या करना भविष्यकाल में पाया जाता है।

◈ वाक्य के अन्त में गा, गी, गे पाये जाते हैं।

**(A) Affirmative (positive) sentences**

◈ **Pattern** – Subject + will/shall+V1 .......

1. मैं एक पत्र लिखेंगा।
I shall write a letter.
2. तुम एक किताब पढ़ोगे।
You will read a book.

**Rule**

◈ अंग्रेजी में अनुवाद करते समय I और we के साथ shall और अन्य subjects के साथ will लगाकर verb की first form लगाते हैं।

**(B) Negative Sentences**

◈ **Pattern** – Subject + will/shall + not +V1 .......

1. मैं कल अलीगढ़ नहीं जाऊँगा।
I shall not go to Aligarh tomorrow.
2. लड़के दिन में नहीं सोयेंगे।
The boys will not sleep in the day.

**Rule**

◈ Negative sentences में will या shall के पश्चात् not लगा देते हैं।

**(C) Interrogative sentences**

◈ **Pattern –** Will/Shall + Subject + V1?

1. क्या हम आम खायेंगे?
Shall we eat mangoes?
2. हम कल कहाँ जायेंगे?
Where shall we go tomorrow?

◈ Negative Interrogative sentences का अनुवाद Interrogative Affirmative sentences की तरह ही होगा केवल Subject के बाद not लग जाता है।

प्रयोग (Uses) – इसका प्रयोग निम्नलिखित कार्यों के लिए होता है

**(a) Conditional Sentences type** – I के साथ
If + Present + Future
If you come to me, I'll help you.

**(b) Time Clause के साथ Future बताने के लिए –**
Future + Time Clause in Present
We'll go home when he comes.

**Note :-**
◈ यदि if, unless, till, until, provided, as long as से जुड़ा हुआ Subordinate Clause "Present Indefinite Tense" में हो तो Principal Clause में "Future Indefinite Tense" या "Present Modal + $V_{1ST}$" का use होता है।

1. If everyone of us works hard, we shall get positive results.
2 Unless you talk to me, I shall not pardon you. Provided the boss praises me, I shall work overtime.
3. As long as you stay at this hotel, you will be given 20% discount.

## 2. Future Continuous

◈ इन वाक्यों के अन्त में रहा होगा', 'रही होगी', 'रहा हूँगा', 'रहे होंगे' आदि पाया जाता है।

**(A) Affirmative (Positive) Sentences**

◈ **Pattern –** Subject + will/shall + be + V1 (ing) .......

1. मैं अपना पाठ याद कर रहा हूँगा।
I shall be learning my lesson...
2. वह एक पत्र लिख रही होगी।
She will be writing a letter.

◈ I और we के साथ shall be और शेष सब कर्ताओं के साथ will be लगाकर verb की I form में 'ing' लगाते है।

**(B) Negative Sentences**

◈ **Pattern –** Subject + will/shall + not + be + V1 (ing) .......

1. मैं कक्षा में नहीं पढ़ रहा हूँगा।
I shall not be reading in the class.
2. वे लड़कों को नहीं पढ़ा रहे होंगे।
They will not be teaching the boys.

**Rule**

◈ Negative sentences में will या shall के बाद not तथा उसके पश्चात् be लगाते हैं।

**(C) Interrogative sentences**

◈ **Pattern –** Will/Shall + Subject + be + $V_1$ (ing) .......?

1. क्या वह अपना पाठ याद कर रहा होगा?
Will he be learning his lesson?
2. मैदान में कौन खेल रहा होगा?
Who will be playing in the field?

◈ जिन वाक्यों में सबसे पहले क्या' लगा हो उनका अनुवाद करते समय Will या Shall वाक्य में सबसे पहले लगाते हैं। उसके बाद कर्ता, फिर be और इसके पश्चात् verb की I form में 'ing' लगाते हैं। अगर वाक्य के बीच में प्रश्नवाचक शब्द हो तो उसकी अंग्रेजी सर्वप्रथम लाकर will या shall लगाते हैं।

## 3. Future Perfect

◈ ऐसे वाक्यों के अन्त में 'चुकेगा', 'चुकूगा', 'चुकोगे' 'चुका होगा', 'कर लिया होगा' आदि शब्द आते हैं।

**(A) Affirmative (positive) sentences**

◈ **Pattern –** Subject + will/shall + have +$V_3$

1. तुम्हारे आने से पहले वह अपना पाठ याद कर चुकेगा।
He will have learnt his lesson before you come.
2. सात बजने से पहले हम अपना खाना खा चुके होंगे।
We shall have taken our food before it is seven.

◈ यदि एक ही वाक्य में भविष्य में दो कामों का होना पाया जाये तो पहले होने वाले काम के लिये will have या shall have तथा मुख्य verb की third form का प्रयोग करते हैं। दूसरे काम के लिये subject के अनुसार Present Indefinite tense की verb का प्रयोग करते हैं।

**(B) Negative Sentences**

◈ **Pattern –** Subject + will/shall + not + have + $V_3$ .......

1. हरी के आने से पहले वह पत्र नहीं लिख चुकी होगी।
She will not have written the letter before Hari comes.
2. अध्यापक के आने से पहले मैंने अपना काम समाप्त नहीं किया होगा।
I shall not have finished my work before the teacher comes.

**Rule-**

◈ Negative वाक्यों में will या shall के बाद not लगाते हैं।

**(C) Interrogative Sentences**

◈ **Pattern –** Will/Shall + Subject + have + $V_3$ .......?

1. क्या सात बजने से पहले लड़के मैच खेल चुकेंगे?
Will the boys have played the match before it is seven?
2. क्या गाड़ी आने से पहले हम टिकट नहीं ले चुके होंगे?
Shall we not have taken the tickets before the train arrives?

**Uses-**

1. इस Tense का प्रयोग ऐसे कार्य के लिए होता है जो भविष्य में किसी निर्धारित समय तक समाप्त हो चुकेगा। जैसे– He will have returned home by next month.
2. इस Tense का प्रयोग समयसूचक Clauses के साथ भी होता है। जो Clause समय बताता है, उसमें Simple Present Tense का प्रयोग होता है।
जैसे: When you come back, I shall have bought the book.
(जब तुम वापिस आओगे तो मैं पुस्तक खरीद चुका होऊँगा।)

**पहचान:**

◈ प्राय: इन वाक्यों के प्रारम्भ या अन्त में by + time या by the end of (time) दिया हुआ होता है।
जैसे: They will have finished their work by evening.
We shall have built this building by the end of March.

## 4. Future Perfect Continuous

◈ इस Tense के वाक्यों में कार्य का भविष्य काल में जारी रहना पाया जाता है तथा साथ ही साथ समय दिया होता है। वाक्य के अन्त में रहेंगे, रहेगी, रहूँगा, रहोगे, रहेंगी या रहा होगा, रही होगी, रहे होंगे, रही होंगी, रहा हूँगा' आते हैं। कार्य शुरू होने का समय दिया होता है।

**(A) Affirmative (positive) sentences**

◈ **Pattern –** Subject + will/shall + have been + $V_1$ (ing) + since / for + time.

1. वे दो घण्टे तक खेलते रहेंगे।
They will have been playing for two hours.
2. हम तीन साल से इस कॉलेज में पढ़ रहे होंगे।
We shall have been studying in this college for three years.

◈ I और we के साथ shall have been और अन्य subjects के साथ will have been लगाकर verb की first form में 'ing' लगाते हैं। समय दिखाने के लिये since या for का प्रयोग करते हैं।

**(B) Negative Sentences**

◈ **Pattern –** Subject + will / shall + not + have been + $V_1$ (ing) + since / for + time.

◈ वह दो वर्ष से कठिन परिश्रम नहीं कर रही होगी।
She will not have been working hard for two years.

**Rule**

◈ Negative sentences में will या shall के पश्चात् not लगाते हैं।

**(C) Interrogative Sentences**

◈ **Pattern –** Will/Shall + subject + have been + $V_1$ (ing) + since/ for + time.?

1. क्या हम उसका इन्तजार सुबह से करते रहेंगे?
Shall we have been waiting for him since morning?
2. क्या वह आलसी लड़का दो घण्टे से सो रहा होगा?
Will that lazy boy have been sleeping for two hours?

◈ यदि since/for/all के साथ समय के साथ ही साथ या तो by + time दिया हो या Time clause in Present + Future at a by + time clause in present Perfect Continuous + since/for + time हो तो इसका ही प्रयोग होगा।

(1) When he arrives here, they will
◈ अर्थात् – By + time + Future Perfect have been playing since 3 o'clock. Continuous + since/for+time
(2) By the end of this month we shall have been working here for two months.

**Note:-**
◈ 'I, We You, they और Plural Subjects के साथ यह तालिका काम देगी VI के साथ indefinite Tenses में Verb के अन्त में s/es नहीं लगता है VI के साथ continuous में am/was लगता है Future Tense में I और we के साथ प्राय: shall आता है जबकि they के साथ will का प्रयोग करते है

## Tense Chart

**PRESENT**

| Present | Affirmative | Negative | Interrogative |
|---|---|---|---|
| Present Indefinite | We eat. | We do not eat. | Do we eat? |
| Present Continuous | We are eating. | We are not eating. | Are we eating? |
| Present Perfect | We have eaten. | We have not eaten. | Have we eaten? |
| Present Perfect Continuous | We have been eating for half an hour. | We have not been eating for half an hour. | Have we been eating for half an hour? |

**PAST**

| Past | Affirmative | Negative | Interrogative |
|---|---|---|---|
| Past Indefinite | We ate. | We did not eat. | Did we eat? |
| Past Continuous | We were eating. | We were not eating. | Were we eating? |
| Past Perfect | We had eaten. | We had not eaten. | Had we eaten? |
| Past Perfect Continuous | We had been eating for half an hour. | We had not been eating for half an hour. | Had we been eating for half an hour? |

**FUTURE**

| Future | Affirmative | Negative | Interrogative |
|---|---|---|---|
| Future Indefinite | We shall eat. | We shall not eat. | Shall we eat? |
| Future Continuous | We shall be eating. | We shall not be eating. | Shall we be eating? |
| Future Perfect | We shall have eaten. | We shall not have eaten. | Shall we have eaten? |
| Future Perfect Continuous | We shall have been eating for half an hour. | We shall not have been eating for half an hour. | Shall we have been eating for half an hour? |

## PRACTICE QUESTION

**1. Identify the tense used in the following sentence -**
**'I had already completed my work before midnight.'**
(a) Past Continuous (b) Past Simple
(c) Present Simple (d) Past Perfect **[d]**

**2. Complete the sentence with correct option-**
**It is a big factory. Five hundred people ................ there.**
(a) are employed (b) employing
(c) have employed (d) is employing **[a]**

**3. Complete the sentence with the correct option.**
**Indian economy has made ............... growth.**
(a) remarkable (b) downward
(c) low (d) unwarranted **[a]**

**4. Select the correct form of the tense from the verbs given in the brackets –**
**Very unwillingly he (turn) down the sound of the TV and (go) to answer the door bell.**
(a) turned, went (b) turning, went
(c) turns, go (d) turned, go **[a]**

**5. Choose the correct answer -**
**She was too arrogant to apologize.**
(a) She was not so arrogant that she would not apologize.
(b) She was so arrogant that cannot apologize.
(c) She was so arrogant that she would not apologize.
(d) She was not too arrogant to apologize. **[c]**

**6. Rearrange the sequence of words to form a meaningful sentence in past tense:**
(i) were talking
(ii) was writing
(iii) on the black-boar
(iv) when the teacher
(v) The students
**Choose the most appropriate answer from the options given below:**
(a) (v),(i),(iv),(ii),(iii) (b) (i),(v),(ii),(iv),(iii)
(c) (v),(iv),(iii),(ii),(i) (d) (i),(ii),(iii),(iv),(v) **[a]**

**7. Identify the "Tense' of the following sentence–**
**"We have been living here since 1952." udh**
